## PAPER – II
## GENERAL APTITUDE TEST

**1.** In answering a quiz, 'no' counts –1, 'yes' counts +1 and 'don't know' counts 0 (zero). What is the average value of 5 no's, 15 yes's and 5 don't know's ?

(a) 0.04 (b) 0.4 (c) 4.0 (d) 40

**2.** Choose the one from the following which is different from the other according to some rule ?

Copper, Zinc, Brass, Iron

(a) Zinc (b) Copper (c) Iron (d) Brass

**3.** Which word can be formed from the letters of the following word ?

VENTURESOME

(a) ROSTRUM (b) TRAVERSER (c) SERMON (d) SEVENTEEN

**4.** F is the brother of A. C is the daughter of A. K is the sister of F. G is the brother of C. Who is the uncle of G ?

(a) A (b) C (c) F (d) K

**5.** The angle between the minute hand and the hour hand of a clock when the time is 4:20 is

(a) 5° (b) 10° (c) 20° (d) 0°

**6.** The area of the largest circle which can be drawn inside a rectangle with sides 18 cms and 14 cms, is

(a) 49 $cm^2$ (b) 154 $cm^2$ (c) 378 $cm^2$ (d) 1078 $cm^2$

**7.** In a Queue, A is eighteenth from the front while B is sixteenth from the end. If C is twenty-fifth from the front and is exactly in the middle of A and B, then how many persons are there in the Queue ?

(a) 47 (b) 46 (c) 45 (d) 48


**8.** A man in a train notices that he can count 21 telephone posts in one minute. If every two adjacent posts are 50 metres apart, at what speed is the train moving ?

(a) 55 km/hr (b) 57 km/hr (c) 60 km/hr (d) 63 km/hr

**9.** If in a certain code 'DOWN' is written as '3 @ 9 #' and 'NAME' is written as '# 6 % 5', how is 'MODE' written in that code ?

(a) % 6 5 3 (b) % @ 3 # (c) 6 % 5 3 (d) % @ 3 5

**10.** Two positions of a dice are shown below. Identify the number at the bottom when the number at the top is '3'.




(a) 2 (b) 4 (c) 5 (d) None of these

## प्रश्नपत्र – II
## सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा

**1.** किसी प्रश्नोत्तरी में 'नहीं' की गणना –1 है, 'हाँ' की गणना +1 है तथा 'पता नहीं' की गणना 0 (शून्य) है तो 5 'नहीं', 15 'हाँ' तथा 5 'पता नहीं' का औसत मान क्या है ?

(a) 0.04 (b) 0.4 (c) 4.0 (d) 40

**2.** निम्नलिखित में से उस एक को चुनिए जो किसी नियम के अन्तर्गत अन्य से भिन्न है :

ताँबा, जस्ता, पीतल, लोहा

(a) जस्ता (b) ताँबा (c) लोहा (d) पीतल

**3.** नीचे दिए गए शब्द

VENTURESOME

के अक्षरों से किस शब्द को बनाया जा सकता है ?

(a) ROSTRUM (b) TRAVERSER (c) SERMON (d) SEVENTEEN

**4.** F, A का भाई है । C, A की पुत्री है । K, F की बहन है । G, C का भाई है । G का चाचा/मामा कौन है ?

(a) A (b) C (c) F (d) K

**5.** एक घड़ी में 4 : 20 बजे, मिनट और घण्टे की सुई के बीच का कोण है

(a) 5° (b) 10° (c) 20° (d) 0°

**6.** किसी आयत जिसकी भुजाएँ 18 सेमी व 14 सेमी हैं, में जो सबसे बड़ा वृत्त खींचा जा सकता है, उसका क्षेत्रफल है

(a) 49 सेमी$^2$ (b) 154 सेमी$^2$ (c) 378 सेमी$^2$ (d) 1078 सेमी$^2$

**7.** एक पंक्ति में, A का स्थान शुरू से 18वाँ है जबकि B का स्थान अन्त से 16वाँ है । यदि C का स्थान शुरू से 25वाँ हो और वह A तथा B के बिलकुल बीच में हो तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं ?

(a) 47 (b) 46 (c) 45 (d) 48


**8.** ट्रेन में एक आदमी ने ध्यान दिया कि वह 1 मिनट में 21 टेलीफोन-पोस्ट गिन सकता है । यदि अगल-बगल के प्रत्येक दो पोस्ट 50 मीटर की दूरी पर हों तो ट्रेन किस गति से गतिमान है ?

(a) 55 किमी./घंटा (b) 57 किमी./घंटा (c) 60 किमी./घंटा (d) 63 किमी./घंटा

**9.** यदि किसी विशेष कोड में 'DOWN' को '3 @ 9 #' तथा 'NAME' को '# 6% 5' लिखा जाता है, तो उस कोड में 'MODE' को कैसे लिखा जाएगा ?


(a) % 6 5 3 (b) % @ 3 # (c) 6 % 5 3 (d) % @ 3 5

**10.** नीचे दिए गए चित्रों में एक पांसे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं । यदि ऊपर अंक '3' है तो नीचे का अंक ज्ञात कीजिए :




(a) 2 (b) 4 (c) 5 (d) इनमें से कोई नहीं

11. The following chart shows the percentage of expenditure incurred in agriculture, transport and other sectors of economy in a certain year. If the total expenditure in agriculture is 150 crore, then expenditure in transport is




(a) 70 crore (b) 60 crore (c) 40 crore (d) 120 crore

12. The following table gives the number of persons with different incomes in a country in a certain year

| **Income (in thousand units)** | 0-1 | 1-2 | 2-3 | 3-5 |
|---|---|---|---|---|
| **No. of persons (in lakhs)** | 13 | 90 | 81 | 117 |

What is the average income per head (in thousand units) ?

(a) 26.9 (b) 2.69 (c) 16.9 (d) 3.96

13. An inspector rejects 0.08% of the metres as defective. How many will be examined to reject 2 metres ?

(a) 1500 (b) 2000 (c) 2500 (d) 3500

14. The ratio of the volume of a cube to that of the biggest sphere which will fit inside the cube is

(a) $4 : \pi$ (b) $4 : 3\pi$ (c) $2 : \pi$ (d) $6 : \pi$

15. Which of the following is <u>NOT</u> associated with non-verbal communication ?

(a) Body language (b) Conversation
(c) Facial expression (d) Symbol





16. One, who believes that all things and events in life are predetermined, is a/an

(a) fatalist (b) puritan (c) egoist (d) tyrant


17. If $8^{th}$ December, 2007 was Saturday, which day of the week was $8^{th}$ December, 2006 ?

(a) Saturday (b) Friday (c) Monday (d) Tuesday

18. Which of the following diagrams best indicates the relation among Profit, Dividend and Bonus ?

(a)  (b)  (c)  (d) 

**11.** नीचे दिया गया रेखाचित्र किसी वर्ष में अर्थव्यवस्था के कृषि, यातायात व अन्य क्षेत्रों पर किये गये प्रतिशत व्यय को दर्शाता है । यदि कृषि पर कुल व्यय 150 करोड़ हो तो यातायात पर किया गया व्यय है




(a) 70 करोड़ (b) 60 करोड़ (c) 40 करोड़ (d) 120 करोड़

**12.** नीचे दी गई सारणी में किसी वर्ष में किसी देश के अलग-अलग आय वर्ग के व्यक्तियों की संख्या दी गई है :

| **आय (हज़ार इकाई में)** | 0-1 | 1-2 | 2-3 | 3-5 |
|---|---|---|---|---|
| **व्यक्तियों की संख्या (लाखों में)** | 13 | 90 | 81 | 117 |

प्रति व्यक्ति औसत आय (हज़ार इकाई में) क्या है ?

(a) 26.9 (b) 2.69 (c) 16.9 (d) 3.96

**13.** एक निरीक्षक 0.08% मीटरों को ख़राब होने के कारण रद्द कर देता है । 2 मीटरों को रद्द करने के लिए कितने मीटरों का परीक्षण करना होगा ?

(a) 1500 (b) 2000 (c) 2500 (d) 3500

**14.** एक घन के आयतन तथा उस घन के अन्दर समा जाने वाले सबसे बड़े गोले के आयतन का अनुपात होगा

(a) $4 : \pi$ (b) $4 : 3\pi$ (c) $2 : \pi$ (d) $6 : \pi$

**15.** निम्नलिखित में से कौन गैर-मौखिक सम्प्रेषण से सम्बन्धित <u>नहीं</u> है ?

(a) शारीरिक हाव-भाव (b) बातचीत
(c) चेहरे की अभिव्यक्ति (d) प्रतीक





**16.** वह, जो मानता है कि सभी चीजें और जीवन की घटनाएँ पूर्व निर्धारित होती हैं, है एक

(a) भाग्यवादी (b) नैतिकतावादी (c) अहंवादी (d) तानाशाह

**17.** यदि 8 दिसम्बर, 2007 को शनिवार था तो 8 दिसम्बर, 2006 को सप्ताह का कौन सा दिन था ?

(a) शनिवार (b) शुक्रवार (c) सोमवार (d) मंगलवार

**18.** नीचे दिये गये चित्रों में लाभ, लाभांश और बोनस को दर्शाने वाला सबसे अच्छा सम्बन्ध कौन सा है ?

(a)  (b)  (c)  (d) 

19. What is the ratio of the areas of inscribed and circumscribed circles of a square ?
(a) 1 : 2 (b) $\sqrt{2} : 1$ (c) $\sqrt{2} : \sqrt{3}$ (d) $\sqrt{3} : 1$


20. If $x + y + z = 13$, then what is the maximum value of $(x - 2)(y + 1)(z - 3)$ ?
(a) 25 (b) 30 (c) 54 (d) 27

21. Kittu is in between Mohan and Sohan. Raju is to the left of Sohan and Shyam is to the right of Mohan. If Sohan is sitting to the left of Mohan and all are sitting facing North, then who is on the extreme right ?
(a) Kittu (b) Mohan (c) Sohan (d) Shyam

22. A man walks 15 m towards South from a fixed point. From there he goes 12 m. towards North and then 4 m towards West. How far and in which direction is he from the fixed point ?
(a) 3 m South (b) 7 m South-West (c) 5 m South-West (d) 5 m South-East

23. Pointing to a woman in a photograph, a man says, "her mother's mother is the mother of my father." How is the man related to the woman in photograph ?
(a) Uncle (b) Maternal cousin (c) Grand son (d) None of these

24. What is the total number of triangles in the figure given below ?



(a) 16 (b) 18 (c) 24 (d) None of these

25. The sum of seven consecutive natural numbers is 1617. How many of these are prime numbers ?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

26. If $\frac{p}{q} = \frac{3}{11}$, then $\frac{22p - 34q}{33p - 3q}$ is equal to
(a) – 16/3 (b) – 18/3 (c) – 15/3 (d) – 14/3

27. In an imaginary language, the digits 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 are substituted by a, b, c, d, e, f, g, h, i, j. If 10 is written as ba, then the value of $[dc \times f - (bf - d) \times d]$ is equal to
(a) bcf (b) bce (c) bea (d) bba

28. How many times 2 will appear in the prime factorization of the product $1 \times 2 \times 3 \times 4 \times .... \times 50$ ?
(a) 47 (b) 48 (c) 50 (d) None of these

**19.** एक वर्ग के अन्तर्वृत तथा बहिर्वृत के क्षेत्रफलों का अनुपात क्या है ?

(a) 1 : 2 (b) $\sqrt{2} : 1$ (c) $\sqrt{2} : \sqrt{3}$ (d) $\sqrt{3} : 1$

**20.** यदि $x + y + z = 13$ तो $(x - 2)(y + 1)(z - 3)$ का अधिकतम मान क्या है ?

(a) 25 (b) 30 (c) 54 (d) 27

**21.** किट्टू, मोहन व सोहन के बीच में है । राजू, सोहन के बायें तरफ तथा श्याम, मोहन के दायें तरफ है । यदि सोहन, मोहन के बायें बैठा है और सभी उत्तर की तरफ मुँह करके बैठे हैं तो सबसे दायें कौन है ?

(a) किट्टू (b) मोहन (c) सोहन (d) श्याम

**22.** एक व्यक्ति एक निश्चित बिन्दु से दक्षिण की ओर 15 मी. चलता है । वहाँ से वह 12 मी. उत्तर की ओर, तत्पश्चात् 4 मी. पश्चिम की ओर चलता है । वह निश्चित बिन्दु से कितनी दूरी पर तथा किस दिशा में है ?


(a) 3 मी. दक्षिण (b) 7 मी. दक्षिण पश्चिम

(c) 5 मी. दक्षिण पश्चिम (d) 5 मी. दक्षिण पूर्व

**23.** किसी चित्र में एक स्त्री की ओर इंगित करते हुए, एक आदमी ने कहा, “इसकी माँ की माँ मेरे पिता की माँ है ।” आदमी का चित्र वाली स्त्री से क्या सम्बन्ध है ?

(a) चाचा (b) ममेरा भाई (c) पौत्र (d) इनमें से कोई नहीं

**24.** नीचे दिये गये चित्र में कुल कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 16 (b) 18 (c) 24 (d) इनमें से कोई नहीं

**25.** सात क्रमागत प्राकृतिक संख्याओं का योग 1617 है । इनमें से कितनी संख्याएँ अभाज्य हैं ?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**26.** यदि $\frac{p}{q} = \frac{3}{11}$ तब $\frac{22p - 34q}{33p - 3q}$ बराबर है

(a) – 16/3 के (b) – 18/3 के (c) – 15/3 के (d) – 14/3 के

**27.** एक काल्पनिक भाषा में अंकों 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 को a, b, c, d, e, f, g, h, i, j लिखा जाता है । यदि 10 को ba लिखा जाए, तो [dc × f – (bf – d) × d] का मान होगा

(a) bcf (b) bce (c) bea (d) bba

**28.** गुणनफल $1 \times 2 \times 3 \times 4 \times ...... \times 50$ के अभाज्य गुणनखण्ड करने पर 2 कितनी बार आएगा ?

(a) 47 (b) 48 (c) 50 (d) इनमें से कोई नहीं

**29.** Six persons P, Q, R, S, T and U are sitting in a circle facing one another. P is sitting in front of Q; Q is sitting to the right of T and left of R; P is sitting to the left of U and right of S. Who is sitting opposite to R ?

(a) U (b) T
(c) R (d) Cannot be determined.

**30.** **Statements :** All books are leaves. Some leaves are jungles. No jungle is a box.
**Conclusions :** I. Some jungles are books.
II. No book is a box.
III. Some leaves are boxes

(a) Only I follows (b) Only II follows (c) Only III follows (d) None follows

**31.** If the following words are arranged in alphabetical order, which word will come in the middle ?
Electric, Elector, Elect, Election, Electrode

(a) Elector (b) Electric (c) Election (d) Electrode

**32.** A man is performing yoga with his head down and legs up. His face is towards the west. In which direction will his left hand be ?

(a) East (b) West (c) North (d) South

**33.** A batsman in his $20^{th}$ innings makes a score of 110 and thereby increases his average by 4. What is his average after $20^{th}$ innings ?

(a) 30 (b) 34 (c) 36 (d) 43

**34.** How many meaningful English words can be formed by using the letters of the word 'ALEP' ?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) More than 3

**35.** A is the brother of B. C is the brother of A.
To establish relationship between B and C, which of the following information(s) is(are) required ?

(i) Gender of C (ii) Gender of B
(a) Either (i) or (ii) (b) Both (i) and (ii)
(c) Only (i) (d) Only (ii)

**36.** Arrange the following words in a logical and meaningful order :
1. Poverty 2. Population 3. Death 4. Unemployment 5. Diseases

(a) 2, 1, 4, 3, 5 (b) 2, 4, 1, 5, 3 (c) 1, 4, 2, 5, 3 (d) 1, 2, 3, 4, 5

**37.** Which among the following :
1. $\times, =, \div$ 2. $=, \div, \times$ 3. $=, \times, \div$ 4. $\div, =, \times$
Appropriately replaces $\circledast$, $\oplus$ and $\odot$ respectively in $90 \circledast 6 \oplus 8 \odot 2$ ?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**29.** छ: व्यक्ति P, Q, R, S, T व U एक वृत्ताकार घेरे में परस्पर सम्मुख बैठे हैं । P, Q के सामने बैठा है । Q, T के दाहिनी ओर तथा R के बायीं ओर बैठा है । P, U के बायीं ओर तथा S के दायीं ओर बैठा है । R के विपरीत कौन बैठा है ?

(a) U
(b) T
(c) R
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता ।

**30.** **कथन** : सभी पुस्तकें पत्तियाँ हैं । कुछ पत्तियाँ वन हैं । कोई भी वन संदूक नहीं है ।

**निष्कर्ष** : I. कुछ वन पुस्तकें हैं ।

II. कोई भी पुस्तक संदूक नहीं है ।

III. कुछ पत्तियाँ सन्दूक हैं ।

(a) केवल I अनुसरण करता है ।
(b) केवल II अनुसरण करता है ।
(c) केवल III अनुसरण करता है ।
(d) कोई अनुसरण नहीं करता है ।

**31.** यदि निम्नलिखित शब्दों को वर्णानुक्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए तो कौन सा शब्द मध्य में आएगा ?

Electric, Elector, Elect, Election, Electrode

(a) Elector (b) Electric (c) Election (d) Electrode

**32.** एक व्यक्ति योग कर रहा है और उसका सिर नीचे और पाँव ऊपर हैं । उसका मुँह पश्चिम की ओर है । उसका बायाँ हाथ किस दिशा में होगा ?

(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) दक्षिण

**33.** एक बल्लेबाज ने अपनी 20वीं पारी में 110 का स्कोर बनाया और उसने अपनी औसत में 4 की बढ़त की । 20वीं पारी के पश्चात् उसकी औसत क्या होगी ?

(a) 30 (b) 34 (c) 36 (d) 43

**34.** शब्द 'ALEP' के अक्षरों का प्रयोग करके अंग्रेजी के कितने अर्थपूर्ण शब्दों की रचना की जा सकती है ?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) तीन से अधिक

**35.** A, B का भाई है । C, A का भाई है । यदि B और C के बीच सम्बन्ध ज्ञात करना है तो निम्न में से कौन सी सूचना(ओं) को जानना आवश्यक है ?

(i) C का लिंग

(ii) B का लिंग

(a) या (i) या (ii) (b) दोनों (i) और (ii) (c) केवल (i) (d) केवल (ii)

**36.** नीचे दिये गये शब्दों को तार्किक व सार्थक क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. गरीबी 2. जनसंख्या 3. मृत्यु 4. बेरोजगारी 5. बीमारियाँ

(a) 2, 1, 4, 3, 5 (b) 2, 4, 1, 5, 3 (c) 1, 4, 2, 5, 3 (d) 1, 2, 3, 4, 5

**37.** निम्नलिखित में से कौन सा

1. ×, =, ÷ 2. =, ÷, × 3. =, ×, ÷ 4. ÷, =, ×

क्रमश: ⊛, ⊕ तथा ⊙ को 90 ⊛ 6 ⊕ 8 ⊙ 2 में उचित रूप से प्रतिस्थापित करता है ?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**38.** Two pipes can fill a tank in 10 hours and 12 hours respectively while the third pipe empties the tank in 20 hours. If all the three pipes operate simultaneously, in how much time will the tank be filled ?

(a) 7 hours 30 minutes (b) 7 hours
(c) 6 hours 30 minutes (d) 2 hours

**39.** The difference between yearly simple interest and compound interest reckoned half yearly on ₹ 1,200 for one year at 10% per annum is

(a) ₹ 2.50 (b) ₹ 3.00 (c) ₹ 4.00 (d) ₹ 6.00


**40.** A motorboat whose speed in still water is 15 km/hr, goes 30 km downstream and comes back in 4 hrs and 30 minutes. The speed of the stream (in km/hr) is

(a) 10 (b) 6 (c) 5 (d) 4

**41.** Aarti is older than Saumya. Muskan is elder to Aarti but younger than Kashish. Kashish is older than Saumya. Saumya is younger than Muskan. Gargi is the eldest. Who is the youngest ?

(a) Saumya (b) Kashish (c) Aarti (d) Muskan

The pie-chart given below shows the distribution of land in a state under various food crops. Study the chart and answer the question numbers **42** to **45**.




**42.** Which combination of crops represents the 50% of the total area of land under food crops ?

(a) Wheat, Barley and Jowar (b) Paddy, Wheat and Jowar
(c) Paddy, Wheat and Barley (d) Bajra, Maize and Paddy

**43.** If the total area under Jowar was 1.5 million acres, then what is the area (in million acres) under Paddy ?

(a) 4.5 (b) 6.0 (c) 7.5 (d) 9.0

**44.** If the production of Wheat is six times that of Barley, then what is the ratio between the yield per acre of Wheat and Barley ?

(a) 2 : 1 (b) 2 : 3 (c) 3 : 2 (d) 3 : 1

**45.** If the total area under crops goes up by 25% and the area under Wheat production goes up by 12.5% of the current area, what will be the angle pertaining to Wheat crop in the new pie-chart ?

(a) 76.8° (b) 72° (c) 64.8° (d) 62.4°

**38.** दो पाइप एक टंकी को क्रमश: 10 घंटे व 12 घंटे में भर देते हैं जबकि तीसरा पाइप टंकी को 20 घंटे में खाली कर देता है । यदि तीनों पाइपों को एक साथ परिचालित किया जाए तो टंकी कितने समय में पूरी भर जाएगी ?

(a) 7 घंटे 30 मिनट (b) 7 घंटे (c) 6 घंटे 30 मिनट (d) 2 घंटे

**39.** ₹ 1,200 में 10% वार्षिक ब्याज दर से एक वर्ष के वार्षिक साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज (यदि चक्रवृद्धि ब्याज छमाही हो) में अन्तर होगा

(a) ₹ 2.50 (b) ₹ 3.00 (c) ₹ 4.00 (d) ₹ 6.00


**40.** एक मोटर बोट को, जिसकी स्थिर पानी में गति 15 किमी/घं है, पानी के बहाव की दिशा में 30 किमी. जाकर वापस आने में 4 घंटे 30 मिनट लगते हैं । पानी के बहाव की गति है (किमी./घं. में)

(a) 10 (b) 6 (c) 5 (d) 4

**41.** आरती, सौम्या से बड़ी है । मुस्कान, आरती से बड़ी है लेकिन कशिश से छोटी है । कशिश, सौम्या से बड़ी है । सौम्या, मुस्कान से छोटी है । गार्गी सबसे बड़ी है । कौन सबसे छोटी है ?

(a) सौम्या (b) कशिश (c) आरती (d) मुस्कान

नीचे दिये गये पाई-चार्ट में किसी प्रदेश में विभिन्न खाद्य फसलों के अन्तर्गत ज़मीन का वितरण दर्शाया गया है । इस चार्ट का अध्ययन कर प्रश्नों **42** से **45** तक का उत्तर दीजिए :




**42.** किन फसलों का समूह खाद्य फसलों के अन्तर्गत आने वाली कुल ज़मीन के 50% क्षेत्र को दर्शाता है ?

(a) गेहूँ, जौ व ज्वार (b) धान, गेहूँ व ज्वार (c) धान, गेहूँ व जौ (d) बाजरा, मक्का व धान

**43.** यदि ज्वार के अन्तर्गत कुल क्षेत्रफल 1.5 मिलियन एकड़ है, तो धान के अन्तर्गत कुल क्षेत्रफल (मिलियन एकड़ में) कितना होगा ?

(a) 4.5 (b) 6.0 (c) 7.5 (d) 9.0


**44.** यदि गेहूँ की पैदावार, जौ की पैदावार से छ: गुनी हो, तो प्रति एकड़ गेहूँ व जौ की पैदावार का अनुपात क्या होगा ?

(a) 2 : 1 (b) 2 : 3 (c) 3 : 2 (d) 3 : 1

**45.** यदि खाद्य फसलों के अन्तर्गत आने वाले पूरे क्षेत्रफल में 25% की बढ़ोतरी हो जाए और गेहूँ के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्रफल 12.5% बढ़ जाए, तो नये पाई-चार्ट में गेहूँ के लिए बनाया जाने वाला कोण क्या होगा ?

(a) 76.8° (b) 72° (c) 64.8° (d) 62.4°

**46.** The number of rectangles/squares in the rectangle



is

(a) 18 (b) 17 (c) 16 (d) None of these

**47.** The digit at unit place of $17^{17}$ is

(a) 1 (b) 3 (c) 7 (d) 9

**48.** The digit '3' can be written in 3 ways as follows :

$3 = 2 + 1 = 1 + 1 + 1$

(order of addition of numbers is not important)

According to the above, in how many ways 5 can be written using digits less than or equal to 5 ?

(a) 8 (b) 7 (c) 6 (d) 5

**49.** 'Zero' is

(a) an even integer (b) an odd integer

(c) neither even nor odd (d) even and odd both

**50.** Two words are given : NOT and TONE. These words represent some numbers, if we add them, we get the number 9000 i.e.

```
    N O T
 + T O N E
 ---------
  9 0 0 0
 ---------
```

Which number will be represented by the word NET ?

(a) 264 (b) 673 (c) 246 (d) 628

**Directions for answering question numbers from 51 to 56.**

The following questions consist of two statements : one as 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. Examine these carefully and select the correct answer from the codes given below :

I. Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

II. Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

III. (A) is true, but (R) is false.


IV. (A) is false, but (R) is true.

**51.** **Assertion (A) :** Economic justice is concerned with giving all the members of society a fair share.

**Reason (R) :** The possible criteria of distribution are equity, equality and need.

(a) I (b) II (c) III (d) IV

**46.** आयत



में आयतों/वर्गों की संख्या है

(a) 18 (b) 17 (c) 16 (d) इनमें से कोई नहीं

**47.** $17^{17}$ के इकाई के स्थान पर अंक होगा

(a) 1 (b) 3 (c) 7 (d) 9

**48.** अंक ‘3’ को 3 प्रकार से निम्नलिखित तरीके से लिखा जा सकता है :

$3 = 2 + 1 = 1 + 1 + 1$

(अंकों के योग का क्रम महत्त्वपूर्ण नहीं है)

उपर्युक्त के अनुसार, 5 या 5 से कम अंकों का प्रयोग करके 5 को कितने प्रकार से लिखा जा सकता है ?

(a) 8 (b) 7 (c) 6 (d) 5

**49.** ‘शून्य’ है

(a) एक समपूर्ण संख्या (b) एक विषमपूर्ण संख्या (c) न सम न विषम (d) सम और विषम दोनों

**50.** दो शब्द दिये गये हैं : NOT तथा TONE । ये शब्द कुछ संख्याएँ निरूपित करते हैं । इनको जोड़ने पर हम संख्या 9000 प्राप्त करते हैं जैसे कि

```
   N O T
 + T O N E
 ---------
   9 0 0 0
```

शब्द NET द्वारा कौन सी संख्या निरूपित होगी ?

(a) 264 (b) 673 (c) 246 (d) 628

**प्रश्न सं. 51 से 56 तक उत्तर देने के लिए निर्देश** :

नीचे दिए गये प्रश्नों में दो कथन दिए गए हैं : एक ‘अभिकथन (A)’ है तथा दूसरा ‘तर्क (R)’ है ।

सावधानी से इनकी जाँच करके, निम्नलिखित कोड में से सही उत्तर का चुनाव करें :

I. (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

II. (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

III. (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।

IV. (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**51.** **अभिकथन** (A) : आर्थिक न्याय, समाज के सभी सदस्यों को न्यायपूर्ण अंश देने से सम्बन्ध रखता है ।

**तर्क** (R) : न्यायसंगतता, समानता और आवश्यकता वितरण के सम्भावित मापदण्ड हैं ।

(a) I (b) II (c) III (d) IV

52. **Assertion (A) :** 'Grapes are sour' attitude is an example of defense mechanism in psychology.
**Reason (R) :** Rationalisation can be used to avoid admitting disappointment.
(a) IV (b) III (c) II (d) I

53. **Assertion (A) :** India is world's second most populous country.
**Reason (R) :** The problem of unemployment is increasing with the increase in population in India.
(a) I (b) II (c) III (d) IV

54. **Assertion (A) :** There is no difference between 'policy making' and 'decision making'.
**Reason (R) :** Policy refers to the formulation of a particular plan or course of action by the government or an organization.
(a) I (b) II (c) III (d) IV

55. **Assertion (A) :** The training in the competition period aims at achieving and maintaining top form.
**Reason (R) :** Top form once achieved can last for a prolonged period of time.
(a) I (b) II (c) III (d) IV

56. **Assertion (A) :** The rate of migration from the hilly areas of Uttarakhand has increased after it was formed in the year 2000.
**Reason (R) :** Migration leads to abandonment of villages which causes degradation of land.
(a) I (b) II (c) III (d) IV

Answer question numbers **57** to **59** based on the data :

The following data shows the sales of books (in thousands) in five branches of a publishing house in two years 2014 and 2015 :

**Branches →**

| **Year ↓** | $B_1$ | $B_2$ | $B_3$ | $B_4$ | $B_5$ |
|---|---|---|---|---|---|
| **2014** | 68 | 87 | 90 | 63 | 52 |
| **2015** | 72 | 73 | 100 | 77 | 78 |

57. What is the average sales of books (in thousands) of the publishing house through these branches in the year 2014 ?
(a) 70 (b) 72 (c) 75 (d) 80

58. In which branch of the publishing house, the difference between the sales of books (in thousands) in two years, is maximum ?
(a) $B_2$ (b) $B_3$ (c) $B_4$ (d) $B_5$

59. Total sales of the branch $B_3$ for both years is what percent of total sales of all the branches for both the years ?
(a) 25% (b) 24% (c) 22% (d) 20%

**52.** **अभिकथन** (A) : मनोविज्ञान में 'अंगूर खट्टे हैं' दृष्टिकोण रक्षात्मक प्रतिक्रिया का एक उदाहरण है ।

**तर्क** (R) : निराशा को स्वीकार करने से बचने के लिए युक्तिकरण का प्रयोग किया जा सकता है ।

(a) IV (b) III (c) II (d) I

**53.** **अभिकथन** (A) : भारत विश्व का दूसरा सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है ।

**तर्क** (R) : भारत में जनसंख्या वृद्धि के साथ बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है ।

(a) I (b) II (c) III (d) IV

**54.** **अभिकथन** (A) : 'नीति निर्माण' तथा 'निर्णय लेना' में कोई अन्तर नहीं है ।

**तर्क** (R) : सरकार या एक संगठन द्वारा एक विशेष योजना या कार्य की प्रक्रिया को निरूपित करने को नीति निर्माण बताया गया है ।

(a) I (b) II (c) III (d) IV

**55.** **अभिकथन** (A) : प्रतियोगिता के समय प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वोत्तम अवस्था को प्राप्त करना और उसे बनाए रखना है ।

**तर्क** (R) : एक बार प्राप्त की गई सर्वोत्तम अवस्था दीर्घकालीन समय तक रह सकती है ।

(a) I (b) II (c) III (d) IV

**56.** **अभिकथन** (A) : उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों से, इसके वर्ष 2000 में राज्य बनने के उपरान्त, पलायन की दर में वृद्धि हुई है ।

**तर्क** (R) : पलायन से गाँवों का परित्याग हो जाता है जिससे भूमि का निम्नीकरण होता है ।

(a) I (b) II (c) III (d) IV

निम्नलिखित आँकड़े एक प्रकाशन संस्था की पाँच शाखाओं द्वारा दो वर्षों 2014 व 2015 में की गई पुस्तकों की बिक्री (हज़ार में) को दर्शाते हैं :

**शाखाएँ ⟶**

| **वर्ष ↓** | $\mathbf{B_1}$ | $\mathbf{B_2}$ | $\mathbf{B_3}$ | $\mathbf{B_4}$ | $\mathbf{B_5}$ |
|---|---|---|---|---|---|
| **2014** | 68 | 87 | 90 | 63 | 52 |
| **2015** | 72 | 73 | 100 | 77 | 78 |

उपरोक्त आँकड़ों पर आधारित प्रश्न सं. **57** से **59** तक का उत्तर दीजिए ।

**57.** प्रकाशन संस्था की इन पाँच शाखाओं द्वारा, किताबों की औसत बिक्री (हज़ार में) वर्ष 2014 में कितनी है ?

(a) 70 (b) 72 (c) 75 (d) 80

**58.** प्रकाशन संस्था की किस शाखा का, दो वर्षों की पुस्तकों की बिक्री (हज़ार में) का अन्तर सर्वाधिक है ?

(a) $B_2$ (b) $B_3$ (c) $B_4$ (d) $B_5$

**59.** $B_3$ शाखा की दोनों वर्षों की कुल बिक्री सभी शाखाओं की दोनों वर्षों की कुल बिक्री का क्या प्रतिशत है ?

(a) 25% (b) 24% (c) 22% (d) 20%

**60.** You are in a bus. The bus reaches your stop but still you have not purchased the ticket because of heavy rush. What will you do ?

(a) Jump out quickly to avoid embarrassment.

(b) Call the conductor, give him the money and get the ticket.

(c) Hand the money to someone sitting nearby to give it to the conductor.

(d) Give the money to the driver.

**61.** Free notebooks were distributed equally among children. The number of notebooks each child got was one-eighth of the number of children. Had the number of children been half, each child would have got 16 notebooks each. How many notebooks were distributed in total ?

(a) 32 (b) 128 (c) 512 (d) 256

**62.** You are Superintendent of Police of an area. You are going for a very urgent work. On way to your work, you come across a person who is grievously injured. What will you do ?

(a) Leave him and proceed to your destination.

(b) Carry the injured person to the hospital.

(c) Order one of your subordinates to come and take the person to the hospital.

(d) Hire a taxi, send him to the hospital and then proceed to your distination.

**63.** **Statements :** All scientists are fools.
All fools are illiterate.

**Conclusions :** I. All scientists are illiterate.
II. All illiterates are scientists.
III. All illiterates are fools.
IV. Some illiterates would be scientists.

(a) Only I and IV follow. (b) Only II follows.

(c) Only III and IV follow. (d) Only IV follows.

**64.** A told B, 'Yesterday I met the only brother of the daughters of my paternal grand mother.' Whom did A meet ?

(a) Cousin (b) Brother (c) Nephew (d) Father

**65.** **Statement :** "Use 'Riya' cold cream for fair complexion" – An advertisement.

**Assumptions :** I. People like to use cream for fair complexion.
II. People are easily fooled.
III. People respond to advertisements.

(a) Only I is implicit. (b) Only I and II are implicit.

(c) Only I and III are implicit. (d) None of the above.

**66.** **Statement :** Children are influenced more by their teachers now-a-days.

**Assumptions :** I. Children consider their teachers as their models.
II. Children's most of the time is spent in schools.

(a) Only I is implicit. (b) Only II is implicit.

(c) Both I and II are implicit. (d) None of these.

**67.** The nearest coming year, which will be a perfect square is

(a) 2018 (b) 2020 (c) 2025 (d) 2032

**68.** The number of multiples of 7 from 123 to 321 is

(a) 25 (b) 26 (c) 27 (d) 28

**69.** The average of 10 numbers was found to be 15. Later it was found that one number 36 was wrongly copied as 26. Correct average is

(a) 20 (b) 18 (c) 16 (d) 14

**60.** आप बस में जा रहे हैं । बस आपके गन्तव्य स्थान पर पहुँच गई है, परन्तु अधिक भीड़ होने के कारण आपने अभी तक टिकट नहीं लिया है । आप क्या करेंगे ?

(a) शर्मिन्दगी से बचने के लिए शीघ्रता से बाहर कूद जाएँगे ।

(b) परिचालक को बुलाएँगे, उसे पैसे देंगे और टिकट ले लेंगे ।

(c) नजदीक बैठे किसी को पैसे दे देंगे ताकि वह परिचालक को पैसे दे दे ।

(d) चालक को पैसे दे देंगे ।

**61.** बच्चों में मुफ्त कॉपियाँ समान रूप से बाँटी गई । प्रत्येक बच्चे को मिलने वाली कॉपियों की संख्या कुल बच्चों की संख्या का आठवाँ भाग था । यदि बच्चों की संख्या आधी होती तो प्रत्येक बच्चे को 16 कॉपियाँ मिलतीं । कुल कितनी कॉपियाँ वितरित की गई ?

(a) 32 (b) 128 (c) 512 (d) 256

**62.** आप एक क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक हैं । आप एक बहुत आवश्यक कार्य के लिए जा रहे हैं । रास्ते में आपको एक व्यक्ति मिलता है जो गम्भीर रूप से घायल है । आप क्या करेंगे ?

(a) उसे छोड़ देंगे और अपने गंतव्य की ओर बढ़ जाएँगे ।

(b) घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाएँगे ।

(c) अपने एक अधीनस्थ को आदेश देंगे कि वह आए और उस व्यक्ति को अस्पताल लेकर जाए ।

(d) एक टैक्सी किराये पर लेंगे, उस व्यक्ति को अस्पताल भेज देंगे तथा फिर अपने गंतव्य को जाएँगे ।

**63.** **कथन** : सभी वैज्ञानिक मूर्ख हैं ।
सभी मूर्ख अनपढ़ हैं ।

**निष्कर्ष** : I. सभी वैज्ञानिक अनपढ़ हैं ।
II. सभी अनपढ़ वैज्ञानिक हैं ।
III. सभी अनपढ़ मूर्ख हैं ।
IV. कुछ अनपढ़ वैज्ञानिक होंगे ।

(a) सिर्फ I व IV अनुसरण करते हैं । (b) सिर्फ II अनुसरण करता है ।

(c) सिर्फ III व IV अनुसरण करते हैं । (d) सिर्फ IV अनुसरण करता है ।

**64.** A ने B से कहा, 'कल मैं अपनी दादी की पुत्रियों के इकलौते भाई से मिला ।' A किससे मिला ?

(a) चचेरा भाई (b) भाई (c) भतीजा (d) पिता

**65.** **कथन** : "गोरे रंग के लिए 'रिया' कोल्ड क्रीम अपनाएँ" – एक विज्ञापन ।

**पूर्वधारणा** : I. लोग गोरे रंग के लिए क्रीम का उपयोग करना पसन्द करते हैं ।
II. लोग आसानी से मूर्ख बनते हैं ।
III. लोग विज्ञापन के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं ।

(a) केवल I अन्तर्निहित है । (b) केवल I व II अन्तर्निहित हैं ।

(c) केवल I व III अन्तर्निहित हैं । (d) इनमें से कोई नहीं

**66.** **कथन** : आजकल बच्चे अपने अध्यापकों से अधिक प्रभावित होते हैं ।

**पूर्वधारणा** : I. बच्चे अध्यापकों को अपना आदर्श मानते हैं ।
II. बच्चों का अधिकतम समय स्कूल में व्यतीत होता है ।

(a) केवल I अन्तर्निहित है । (b) केवल II अन्तर्निहित है ।

(c) दोनों I व II अन्तर्निहित हैं । (d) इनमें से कोई नहीं

**67.** एक पूर्ण वर्ग के रूप में सबसे नजदीकी में आने वाला वर्ष है :

(a) 2018 (b) 2020 (c) 2025 (d) 2032

**68.** 123 से 321 तक 7 के गुणजों की संख्या है :

(a) 25 (b) 26 (c) 27 (d) 28

**69.** 10 संख्याओं का औसत 15 प्राप्त किया जाता है । बाद में पता चलता है कि औसत निकालते समय एक संख्या 36 को गलती से 26 लिखा गया था । सही औसत है

(a) 20 (b) 18 (c) 16 (d) 14

**Note :** Read the following passage carefully and answer the questions (From **70** to **72**) given below :

What was his great power over the mind and heart of man due to ? Even we realise that his dominating passion was truth. That truth led him to proclaim without ceasing that good ends can never be attained by evil methods, that the end itself is distorted if the method pursued is bad. That truth led him to confess publicly whenever he thought he had made a mistake – Himalayan errors he called some of his own mistakes. That truth led him to fight evil and untruth wherever he found them, regardless of the consequences, that truth made the service of the poor and the dispossessed the passion of his life; for where there is inequality and discrimination and suppression, there is injustice and evil and untruth. And thus he became the beloved of all those who have suffered from social and political evils, and the great representative of humanity as it should be. Because of that truth in him where he sat became a temple and where he trod was hallowed ground.

**70.** "Himalayan errors" in the passage stands for

(a) errors that cannot be corrected (b) serious errors
(c) minor errors (d) None of the above

**71.** What makes the person described in the passage a great representative of humanity ?

(a) He never made mistakes.
(b) While fighting evil, he always thought of consequences.
(c) He made the service of the poor and dispossessed his passion of life.
(d) He was indifferent to social and political evils.

**72.** According to the great man, described in the passage which one of the following is not true, if evil methods are adopted ?

(a) The good ends will never be attained.
(b) There is a strong connection between ends and means.
(c) The ends get distorted.
(d) Evil methods can help to achieve good ends.

**73.** What is the antonym of "complicate" ?

(a) Analyse (b) Easy (c) Simplify (d) Complex

**74.** Out of the given alternatives, choose the one that can be substituted for the phrase – 'study of the origin and history of words' :

(a) Anthropology (b) Morphology (c) Linguistics (d) Etymology

**75.** Which one of the given alternatives best expresses the underlined part of the sentence ?
Nothing can be done when the whole system is paralysed by <u>inertia</u>.

(a) Corruption (b) Weakness (c) Politics (d) Sluggishness

**76.** Out of the given alternatives, choose the one that correctly describes the meaning of the underlined phrase :
The love of his wife <u>Bore him up</u> in the midst of all his problems.

(a) sustained (b) decided (c) humbled (d) None of these

प्रश्न संख्या **77** से **82 :** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आप शुद्ध हृदय से इस बात पर विचार करें कि माता, मातृभूमि और मातृभाषा का आप पर भी ऋण है । एक जननी आपको जन्म देती है, एक की गोद में खेल-कूद कर और खा-पीकर आप पुष्ट होते हैं और एक आपको अपने भावों को प्रकट करने की शक्ति दे, आपके सांसारिक जीवन को सुखमय बनाती है । जिसका आप पर इतना उपकार है, इसके लिए कुछ करना क्या आपका परम कर्त्तव्य नहीं है ?

**77.** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है

(a) माता (b) मातृऋण (c) सुखमय जीवन (d) कर्त्तव्य

**78.** उपर्युक्त गद्यांश में जिनका ऋण बताया गया है, उन्हें एक शब्द में लिखिए ।

(a) समाज (b) राष्ट्र (c) मातृ (d) इनमें से कोई नहीं

**79.** उपर्युक्त गद्यांश में 'शुद्ध हृदय से इस बात पर विचार करें' में 'शुद्ध' क्या है ?

(a) विशेषण (b) सर्वनाम (c) संज्ञा (d) क्रिया

**80.** उपर्युक्त गद्यांश में किस जीवन को सुखमय बनाने का उल्लेख हुआ है ?

(a) सामाजिक (b) सांसारिक (c) व्यक्तिगत (d) आर्थिक

**81.** उपर्युक्त गद्यांश में भाव प्रकटीकरण की शक्ति किसके द्वारा प्राप्त होती है ?

(a) जननी (b) पिता (c) मातृभाषा (d) समाज

**82.** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार खेल-कूद कर और खा-पीकर किसकी गोद में पुष्ट होते हैं ?

(a) जननी (b) पत्नी (c) दादी (d) मातृभूमि

**83.** 'अंधी पीसे, कुत्ता खाय' लोकोक्ति का अर्थ है

(a) हानि ही हानि होना
(b) अयोग्य शासक के कारण कुप्रशासन
(c) लाभ कम, हानि ज्यादा
(d) मालिक से दुश्मनी करना

**84.** 'बिनु पद चले, सुने बिनु काना' में कौन सा अलंकार है ?

(a) श्लेष (b) यमक (c) रूपक (d) विभावना

**85.** 'लाश' शब्द किस मूल भाषा का है ?

(a) अरबी (b) फारसी (c) तुर्की (d) संस्कृत

**86.** 'इया' प्रत्यय से बना शुद्ध शब्द है

(a) डबिया (b) डिबया (c) डिबिया (d) डबीया

**87.** 'धनुष्टंकार' शब्द का संधि-विच्छेद है

(a) धनुः + टंकार (b) धनुष + टंकार (c) धनु + स्टंकार (d) इनमें से कोई नहीं

**88.** 'घनश्याम' शब्द में कौन सा समास है ?

(a) द्विगु (b) कर्मधारय (c) बहुब्रीहि (d) तत्पुरुष

**89.** 'राजा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) भूपाल (b) धरणीधर (c) भूपति (d) भूस्वामी

**90.** If A + B = 2C and C + D = 2A, then

(a) A + C = 2D (b) A + C = B + D

(c) A + D = B + C (d) A + C = 2B

**91.** If $a = \sqrt{3} + 1$, then value of $a^4 + \frac{16}{a^4}$ is

(a) 53 (b) 54 (c) 55 (d) 56

**92.** How many numbers between 950 and 1050 leave a remainder of 6 when divided by 7, 8 and 14 ?

(a) 1 (b) 3 (c) 4 (d) None of these

**93.** The number of prime factors in $6^{18} \times 7^{11} \times 9^{13}$ is

(a) 73 (b) 74 (c) 75 (d) 76

**94.** In a certain code language 'PARENTS' is written as 'RCTGPVU'. How will 'CHILDREN' be written in the same code language ?

(a) EFJKCPCM (b) EJKNFTGP (c) DGJKCQDO (d) MDGFKSNB

**95.** Choose the set of numbers among the following sets, which is similar to the set (12, 20, 60) ?

(8, 12, 24), (15, 12, 90), (7, 11, 75), (6, 16, 90)

(a) (8, 12, 24) (b) (15, 12, 90) (c) (7, 11, 75) (d) (6, 16, 90)

**96.** Find the missing term in the following series :

C1L, F4O, I9R, L16U, ?

(a) N25X (b) O25X (c) N25Y (d) N20Z

**97.** Find the missing term (?) in the following series :

1, 1, 3, 9, 6, 36, 10, 100, ?, 225

(a) 12 (b) 13 (c) 14 (d) 15

**98.** Find the missing number in the following series :

3624, 4363, 3644, 4563, 3664, ?

(a) 4363 (b) 4563 (c) 4763 (d) 4263

**99.** Which number will replace the question mark (?) in the following :

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 11 | 13 |
| 17 | 19 | 23 |
| 29 | 31 | ? |

(a) 30 (b) 33 (c) 37 (d) 35

**100.** If 84 ⊕ 72 = 45

63 ⊕ 41 = 33

then the value of 94 ⊕ 82 is

(a) 56 (b) 59 (c) 45 (d) 65

**90.** यदि A + B = 2C तथा C + D = 2A तब

(a) A + C = 2D (b) A + C = B + D (c) A + D = B + C (d) A + C = 2B

**91.** यदि $a = \sqrt{3} + 1$ तब $a^4 + \frac{16}{a^4}$ का मान है

(a) 53 (b) 54 (c) 55 (d) 56

**92.** 950 तथा 1050 के बीच कितनी संख्याएँ 7, 8 और 14 से भाग देने पर शेषफल 6 देती हैं ?

(a) 1 (b) 3 (c) 4 (d) इनमें से कोई नहीं

**93.** $6^{18} \times 7^{11} \times 9^{13}$ के अविभाज्य गुणनखण्डों की संख्या है

(a) 73 (b) 74 (c) 75 (d) 76

**94.** एक निश्चित कूट भाषा में 'PARENTS' को 'RCTGPVU' लिखा जाता है । उसी कूट भाषा में 'CHILDREN' को कैसे लिखा जाएगा ?

(a) EFJKCPCM (b) EJKNFTGP (c) DGJKCQDO (d) MDGFKSNB

**95.** नीचे दिए गये समुच्चयों में से संख्याओं के उस समुच्चय को चुनिए जो समुच्चय (12, 20, 60) के समान है ?

(8, 12, 24), (15, 12, 90), (7, 11, 75), (6, 16, 90)

(a) (8, 12, 24) (b) (15, 12, 90) (c) (7, 11, 75) (d) (6, 16, 90)

**96.** नीचे दी गई श्रेणी में लुप्त पद (?) ज्ञात कीजिए :

C1L, F4O, I9R, L16U, ?

(a) N25X (b) O25X (c) N25Y (d) N20Z

**97.** नीचे दी गई श्रेणी में लुप्त पद (?) ज्ञात कीजिए :

1, 1, 3, 9, 6, 36, 10, 100, ?, 225

(a) 12 (b) 13 (c) 14 (d) 15

**98.** नीचे दी गई श्रेणी में लुप्त पद (?) ज्ञात कीजिए :

3624, 4363, 3644, 4563, 3664, ?

(a) 4363 (b) 4563 (c) 4763 (d) 4263

**99.** निम्नलिखित में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा ?

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 11 | 13 |
| 17 | 19 | 23 |
| 29 | 31 | ? |

(a) 30 (b) 33 (c) 37 (d) 35

**100.** यदि 84 ⊕ 72 = 45

63 ⊕ 41 = 33

तो 94 ⊕ 82 का मान है

(a) 56 (b) 59 (c) 45 (d) 65

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**